उत्तर प्रदेश की 60 नदियों के पुनरुद्धार का खाका तैयार

चर्चा में क्यों?

5 अप्रैल, 2022 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित हुई शासनस्तरीय बैठक में प्रदेश की **60 नदियों के पुनरुद्धार का खाका** तैयार कर लिया गया है।

प्रमुख बिंदु

- नदी पुनरुद्धार के इस कार्य में **आईआईटी बीएचयू, कानपुर और रुड़की का तकनीकी सहयोग** लिया जाएगा।
- नदियों के पुनरुद्धार और संरक्षण संबंधी इस पहल में **वरुणा, गोमती, बाणगंगा, नंद, कर्मनाशा तथा गड़ई सहित 60 नदियों को शामिल किया जाएगा।**
- गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने गंगा नदी के प्रदूषण निवारण और नदी को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से **जून 2014 में 'नमामि गंगे' नामक एक एकीकृत गंगा संरक्षण मिशन का शुभारंभ** किया था।
- इस कार्यक्रम के तहत 152 सीवरेज इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में से पूर्ण हो चुकीं 46 परियोजनाओं ने 632 एमएलडी सीवेज शोधन क्षमता सृजित की है। साथ ही इस कार्यक्रम के तहत 28 रिवर-फ्रंट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स, 182 घाटों का नवीनीकरण और आधुनिकीकरण तथा 118 श्मशान का निर्माण भी किया गया है, जिससे गंगा नदी के पर्यावरणीय स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/blueprint-for-the-revival-60-rivers-of-uttar-pradesh